कार्यालय, निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा विभाग एवं पंचायती राज (प्राशि) विभाग, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/प्रारं/एसआईक्यूई/उत्कृष्ट विद्यालय/पीईईओ/19508/1307–18 दिनांकः 4/7/2019

पदेन पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी
समस्त ग्राम पंचायत

विषयः PEEO के अधीनस्थ विद्यालयों के सफल संचालन के क्रम में।

उपरोक्त विषय में निवेदन है कि राज्य के आदर्श एवं उत्कृष्ट विद्यालयों का संचालन PEEO के नेतृत्व में किया जा रहा है। इस नेतृत्व के फलस्वरूप राजकीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक/माध्यमिक/उच्च माध्यमिक/विद्यालयों (बालिका सहित) में आदर्श एवं उत्कृष्ट विद्यालयों के संचालन में PEEO की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस संबंध में PEEO को विद्यालयों से संबंधित प्रशासनिक एवं अकादमिक समस्याओं का चिन्हीकरण एवं निस्तारण किया जाना अपेक्षित है :–

1. PEEO द्वारा प्रतिमाह अपने अधीनस्थ विद्यालयों की प्रतिमाह बैठक ली जाती है। बैठक के बाद MPR भरी जाती है। कुछ PEEO द्वारा जानकारी के अभाव में माह से पूर्व ही MPR भर दी जाती है जिसे रोकना अपेक्षित है।
2. PEEO की मासिक बैठक PEEO के अधीनस्थ विद्यालयों में Randomly करवाई जावे ताकि उस विद्यालय के शैक्षिक, सहशैक्षिक एवं भैतिक संसाधनों, Best Practice अथवा समस्याओं का निरीक्षण भौतिक रूप से किया जाकर भौतिक निस्तारण की योजना बनाई जावे।
3. PEEO द्वारा अधीनस्थ उत्कृष्ट के साथ–साथ सामान्य विद्यालयों का निरीक्षण भी किया जावे।
4. PEEO के अधीनस्थ उत्कृष्ट, प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों में Visit Book का संधारण किया जावे।
5. माननीय शिक्षा मंत्री महोदय के निर्देशानुसार पीईईओ अवकाश होने/अन्य राजकीय कार्य में व्यस्तता के कारण यदि मुख्यालय से बाहर जाता है तो आदेश पंजिका संस्था प्रधान के उत्तरदायित्व के साथ–साथ पीईईओ का उत्तरदायित्व भी संस्था के वरिष्ठतम अधिकारी/हैडटीचर को हस्तान्तरित कर ही मुख्यालय छोड़े।

(हस्ताक्षर) 4/7/19
उप निदेशक (शैक्षिक)
निदेशालय प्रारम्भिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/प्रारं/एसआईक्यूई/उत्कृष्ट विद्यालय/पीईईओ/19508/1307–18 दिनांकः 4/7/2019

प्रतिलिपि–

1. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक, प्रथम रास्कूलशिप–जयपुर।
2. निजी सहायक, निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
3. निजी सहायक, निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
4. अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक, प्रथम रास्कूलशिप–जयपुर।
5. उप निदेशक, आदर्श एवं उत्कृष्ट विद्यालय रास्कूलशिप, जयपुर।
6. संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा समस्त संभाग।
7. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी समस्त जिले।
8. जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक/माध्यमिक समस्त जिले।
9. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समस्त जिले।
10. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी समस्त ब्लॉक।
11. कम्प्यूटर अनुभाग निदेशालय प्रारं/माध्यमिक राजस्थान बीकानेर को भेजकर लेख है कि विभागीय वैब साईट पर अपलोड करावें।
12. कार्यालय प्रति।

(हस्ताक्षर)
उप निदेशक (शैक्षिक)
निदेशालय प्रारम्भिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर